## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–19.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
2. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में सीडी रेशियो 87 प्रतिशत तक करने का दिया लक्ष्य।
3. गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को लोक प्रशासन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए दिया जाएगा प्रधानमंत्री पुरस्कार।
4. रांची में खेले जा रहे हॉकी इंडिया लीग में कल यूपी रुद्रास ने टीम गोनासिका को एक–शून्य से हराया, हैदराबाद ने तमिलनाडु को चार–शून्य से दी शिकस्त।
5. राजधानी रांची, डाल्टेनगंज समेत कई जिलों के तापमान में आई गिरावट, अभी ठंड से नहीं मिलेगी राहत, मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

*****************

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बडी संख्या में श्रद्धालु और तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। महाकुम्भ में अब तक सात करोड़ 72 लाख से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा, महाकुम्भ से समूचे उत्तर प्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।

*****************

रांची में झारखंड राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की 89वीं त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भाग लिया। वित्त मंत्री ने सीडी रेशियो 50 प्रतिशत से अधिक होने पर संतोष जताते हुए इसे राष्ट्रीय औसत 87 प्रतिशत तक ले जाने की अपील की।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों की शिकायतों पर चर्चा की और केसीसी लोन में सुधार की मांग की।

*****************

झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र 24 फरवरी से आहूत होने जा रहा है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने 25 समितियों का पुनर्गठन कर दिया है। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को महिला, बाल विकास समिति का सभापति बनाया गया है। वहीं, बरही के भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव को लोक लेखा समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

*****************

जल संसाधन विभाग ने देवघर जिले के पुनासी डैम से पहला मेगा लिफ्ट इरिगेशन का प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें देवीपुर और देवघर प्रखंड के कुल 106 गांवों में पाइप के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। कुल 300 करोड़ के इस मेगा लिफ्ट इरिगेशन के जरिये कुल आठ हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई का लक्ष्य है।

*****************

गिरिडीह पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान अपराध से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के साथ नए कानून के तहत सभी को अनुसंधान करने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया।

******************

बड़कागांव प्रखंड को ईख पैदावार के मामले में झारखंड में विशेष स्थान प्राप्त है. यहां का गुड़ राज्य में ही नहीं बल्कि देश–विदेश में भी भेजा जाता है,

******************

केंद्र सरकार ने गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी का चयन प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार लोक प्रशासन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने लगातार दूसरी बार गुमला के उपायुक्त का चयन प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए किया है। इससे पहले गुमला के उपायुक्त रहे सुशांत गौरव को यह पुरस्कार मिल चुका है।

******************

राजधानी रांची, डाल्टेनगंज समेत कई जिलों के तापमान में गिरावट आई है। हालांकि, झारखंड का उच्चतम तापमान बढ़कर 30 दशमलव 4 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी है। मौसम केंद्र ने कहा है कि झारखंड का उच्चतम तापमान सामान्य से अधिक हो गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड में कहीं–कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रहेगा। बाद में आसमान साफ हो जाएगा। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 5 दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

******************

रांची में खेले जा रहे हॉकी इंडिया लीग में कल यूपी रुद्रास ने टीम गोनासिका को एक–शून्य से हरा दिया। इस जीत के साथ यूपी रुद्रास की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। एक अन्य मैच में हैदराबाद तूफान्स ने अभी तक अजेय रहे तमिलनाडु ड्रैगन्स के विजयी रथ को रोक दिया। हैदराबाद ने तमिलनाडु को चार–शून्य से शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ हैदराबाद तूफान्स लीग जीतने के दावेदारों में शामिल हो गया है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

आज रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति में वित्त मंत्री के बयान को अपनी सुर्खी बनाई है। साथ ही आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के दोषी की खबर को प्रमुखता से लिया गया है।

प्रभात खबर ने लिखा है राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक में वित्त मंत्री ने उठाया मुद्दा, यूनियन बैंक के जोनल ऑफिस हटाने के प्रयास पर जताया ऐतराज

हिन्दुस्तान और दैनिक भास्कर की सुर्खी है आरजी कर मामला– डॉक्टर से दुष्कर्म–हत्या मामले में फैसला, डॉक्टर से दरिंदगी में संजय रॉय दोषी करार

दैनिक जागरण ने लिखा है–गुंडो से रिकवरी कराने वाले बैंकों पर होगी कार्रवाईः वित्त मंत्री।

******समाप्त***********